बेतवांचल

नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च, 2026



# हाईवे चौड़ीकरण को हटाया अतिक्रमण, बनी विवाद की स्थिति

- भोपाल-सागर हाईवे स्थित मिर्जापुर क्षेत्र में मौके पर पहुंचा प्रशासन
- जमीन के मुआवजे को लेकर भवन मालिकों ने जताई आपत्ति



नवभारत न्यूज

**विदिशा 12 मार्च, भोपाल-सागर नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण कार्य के तहत शुक्रवार को मिर्जापुर क्षेत्र में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की. हाईवे के किनारे सड़क चौड़ीकरण और जल निकासी के लिए नाली निर्माण का कार्य प्रस्तावित है, जिसके चलते प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और हाईवे की जमीन में आ रहे कुछ निर्माणों को हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ की.**

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे प्राधिकरण द्वारा भोपाल-सागर मार्ग को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है. इस परियोजना के तहत सड़क के दोनों ओर अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता पड़ रही है. इसी क्रम में मिर्जापुर क्षेत्र में हाईवे किनारे बने कुछ मकान और अन्य निर्माण कार्य परियोजना की सीमा में आ रहे थे, जिन्हें हटाने की कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय भवन मालिकों ने प्रशासन की कार्रवाई पर आपत्ति भी जताई. उनका कहना है कि जिस जमीन का मुआवजा उन्हें मिला था, उतने हिस्से में बने निर्माण को वे पहले ही स्वयं तोड़ चुके हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि अब प्रशासन उस अतिरिक्त हिस्से में बने निर्माण को भी हटाने की कोशिश कर रहा है, जिसके लिए उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिला है. इसको लेकर भवन मालिकों ने प्रशासन से स्पष्टता की मांग भी की. वहीं मौके पर पहुंचे एसडीएम क्षितिज शर्मा ने बताया कि हाईवे चौड़ीकरण कार्य के तहत संबंधित क्षेत्र की दो बार नपती कराई जा चुकी है. उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे की जो जमीन अधिग्रहित की गई है और जिसके लिए मुआवजा दिया गया है, उसी के अनुरूप निर्माण हटाने की कार्रवाई की जा रही है. प्रशासन का उद्देश्य केवल परियोजना में आ रहे अतिक्रमण को हटाकर कार्य को आगे बढ़ाना है. कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अमला और पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा. वहीं क्षेत्र में कुछ समय के लिए हलचल का माहौल भी देखने को मिला.

### आपत्ति है तो प्रस्तुत करें दस्तावेज-एसडीएम

एसडीएम ने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति को कार्रवाई को लेकर कोई आपत्ति या संदेह है तो वह संबंधित दस्तावेजों के साथ प्रशासन के समक्ष अपनी बात रख सकता है. प्रशासन द्वारा नियमों के अनुसार ही कार्रवाई की जा रही है ताकि हाईवे चौड़ीकरण और जल निकासी की व्यवस्था समय पर पूरी हो सके.

# सोटिया गांव में कचरा फेंकने का विरोध

**खास बातें**

- ग्रामीणों ने नगर पालिका की गाड़ियां रोकीं
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो का काफिला भी रोका
- प्रदूषण और स्वास्थ्य खतरे को लेकर जताया आक्रोश



नवभारत न्यूज

**विदिशा 12 मार्च, ग्राम सोटिया में नगर पालिका द्वारा कथित रूप से अवैध तरीके से कचरा फेंके जाने के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया. गुरुवार को ग्रामीणों ने कचरे से भरी नगर पालिका की गाड़ियों को गांव की सीमा पर ही रोक दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया. ग्रामीणों का कहना है कि गांव के पास कचरा डाले जाने से क्षेत्र में गंदगी, बदबू और प्रदूषण फैल रहा है, जिससे गांव के लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है.**

इसी दौरान वहां से गुजर रहे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय सदस्य प्रियंक कानूनगो के काफिले को भी ग्रामीणों ने रोक लिया और उन्हें गांव की स्थिति से अवगत कराया. ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक वे विरोध जारी रखेंगे. मौके पर ग्रामीणों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, सीएमओ नगर पालिका और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप नगर पालिका का कचरा राकेश शर्मा की फैक्ट्री के सामने भी फेंक दिया. इस दौरान प्रियंक कानूनगो ने नगर पालिका के सीएमओ से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी के संबंध में जानकारी मांगी. साथ ही मृत जानवरों को वहां फेंकने के मामले में चर्म शोध केंद्र कहां है, इसकी भी जानकारी चाही. हालांकि अधिकारी इस संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और एक-दूसरे की ओर देखते नजर आए. ग्रामीणों के कड़े विरोध और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अंततः नगर पालिका को कचरे से भरी सभी गाड़ियों को वापस लौटना पड़ा. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे.



मिथिला देवी ब्रम्हलीन

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज**, नगर के प्रतिठित व्यापारी स्वर्गीय सियाराम खैरा की पत्नी मिथिला देवी 85 वर्षीय आज ब्रम्हलीन हो गई. वे अपने पीछे संतप्त पुत्रगण अरूण, दिलीप, उमेश मनीष खैरा व ज्वेलर्स गगन खैरा के सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई. उनके निधन से नगर में शोक की लहर व्याप्त है. अंतिम यात्रा उनके निवास से शुक्रवार को 9 बजे मुक्तिधाम के लिये निकाली जायेगी.

## सशक्त वाहनी की कक्षा में यूपीएसपी चयनित प्राची चौहान ने बालिकाओं को दिया मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित सशक्त वाहनी अभियान के तहत आयोजित कक्षा में आज विदिशा जिले के ग्राम जोहद की यूपीएससी में चयनित प्राची चौहान ने बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया. इस अवसर पर बालिकाओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी अनेक जिज्ञासाएं रखीं. कार्यक्रम के प्रारंभ में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से श्रीमति कृतिका व्यास एवं संतोष रघुवंशी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर प्राची चौहान का स्वागत एवं सम्मान किया गया. उपस्थित बालिकाओं ने भी तालियों की गूंज के साथ उनका स्वागत किया. कलेक्टर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सशक्त वाहनी अभियान के माध्यम से बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है.




## सामुदायिक पुलिसिंग में उत्कृष्ट कार्य पर विदिशा पुलिस को सम्मान

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले में सामुदायिक पुलिसिंग और जनसहभागिता आधारित पहलों को लेकर विदिशा पुलिस को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. मध्यप्रदेश पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग शाखा द्वारा आयोजित संबल कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे को उनके उत्कृष्ट और प्रेरणादायी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया.**

यह सम्मान 10-11 मार्च को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा प्रदान किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील पुलिसिंग को बढ़ावा देना, न्याय की सुलभता सुनिश्चित करना और पुलिस तथा समाज के बीच विश्वास को मजबूत करना है. एएसपी प्रशांत चौबे को न्याय क्षेत्र में समर्पित सेवा, कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और मानवता आधारित पुलिसिंग के लिए यह सम्मान दिया गया. उन्होंने जिले में सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने और इसे मुख्यधारा में लाने के लिए कई पहलें की हैं. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे विदिशा पुलिस परिवार के लिए गौरव का विषय है.

## वार्ड 32 में अमृत 2.0 योजना के तहत बन रही 10 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**विदिशा**, नगर के वार्ड क्रमांक 32 में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन 10 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. यह पानी की टंकी तैयार होने के बाद वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए. इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राजू दांगी जी एवं पीएचई शाखा के जल प्रभारी श्री रामप्रकाश जायसवाल जी उपस्थित रहे.

## दुराचार मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरे की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में युवती के साथ दुराचार और मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार बताया जा रहा है. पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है. दरअसल यह मामला उस समय सुर्खियों में आया जब पीड़ित युवती के परिजनों ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विदिशा दौरे के दौरान आयोजित कार्यक्रम में ऑडिटोरियम के अंदर ही जोर-जोर से चिल्लाकर न्याय की गुहार लगाई थी. परिजनों ने आरोप लगाया था कि उनकी शिकायत के बावजूद पुलिस ने पहले इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और एफआईआर दर्ज करने में भी टालमटोल की जा रही थी.

मामले के सार्वजनिक होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और जांच को तेज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि दुराचार और मारपीट के मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. वहीं इस मामले में शामिल तीसरे आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं. इधर पीड़िता के परिजनों का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस कार्रवाई करती तो उन्हें सार्वजनिक रूप से शिकायत करने की नौबत नहीं आती. उनका आरोप है कि पहले पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन मंत्री के संज्ञान में आने के बाद ही कार्रवाई शुरू हुई. परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि फरार आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और ऐसे मामलों में लापरवाही बरतने वालों पर भी जवाबदेही तय हो सके.

## रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट का होली मिलन समारोह 15 मार्च को

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा**, श्री रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा रंगपंचमी और होली उत्सव के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन 15 मार्च रविवार दोपहर 3 बजे किया गया है. यह कार्यक्रम बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित होगा. ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकृष्ण रघुवंशी (राजखेड़ा ठेकेदार) ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर समाज के सभी स्वजातीय बंधु एकत्रित होकर होली और रंगपंचमी का पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाएंगे. समारोह में आपसी प्रेम और भाईचारे के प्रतीक के रूप में सभी को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी जाएंगी. वही समाज के उत्थान, विकास एकता को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की जाएगी. उन्होंने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों.

In The Court Of Civil Judge Class-I
Presiding Officer: रमाकांत भारके
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJCSUC/0000002/2026)
कुलदीप रघुवंशी ..........आवेदक
Vs
सर्वसाधारण ............अनावेदक
Process Id-2026 Id 665/26
पेशी दिनांक 16/04/2026
प्रेषिती- पीएन-222/12.3.26
(1) सर्वसाधारण
पता जिला विदिशा म.प्र.
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीप रघुवंशी पता ने मृतक स्व.सोनू रघुवंशी पुत्र स्व.वीरसिंह निवासी ग्राम मढ़ीपुर तहसील गुलाबगंज जिला विदिशा मप्र की .....राशि/संपत्ति हेतु उतराधिकारी अथवा अभिभावक संक नियुकि प्रमाणपत्र प्राम करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16 April 2026 की नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति ही अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 10 March 2026 की मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
नोट-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा
न्यायाधीश

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान




नवभारत न्यूज

**विदिशा, विश्व महिला दिवस के अवसर पर रवींद्रनाथ टैगोर भवन में महिला सशक्तिकरण एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान समाज, शिक्षा और प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया.**

कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और सरस्वती वंदना के साथ की गई. इस अवसर पर यूपीएससी 2025 परीक्षा में 260वीं रैंक प्राप्त करने वाली प्राची चौहान का विशेष रूप से सम्मान किया गया. वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली 38 बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया. प्रत्येक बालिका को 5 हजार रुपये, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. समारोह में पर्यटन स्थलों पर महिला सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के साथ-साथ पुलिस विभाग की महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया. इस दौरान एसडीओपी बासौदा शिखा भलावी, एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह सहित महिला थाना प्रभारी और अन्य महिला अधिकारी भी सम्मानित हुईं. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और सामाजिक क्षेत्रों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं. उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए पुलिस विभाग द्वारा संचालित महिला ऊर्जा डेस्क, महिला हेल्पलाइन, निर्भया मोबाइल और शक्ति मोबाइल जैसी योजनाओं की जानकारी भी दी. वहीं विधायक मुकेश टंडन ने महिलाओं को लाड़ली बहना योजना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया. कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं.

## प्राचार्यों को बाल अधिकार, पॉक्सो एक्ट व बालिका सुरक्षा पर दिया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**विदिशा, बालकों और बालिकाओं की सुरक्षा तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संभागीय संयुक्त संचालक के निर्देशन एवं श्रीमति विनीता लोढ़ा जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभा कक्ष, विदिशा में शिक्षा विभाग के प्राचार्यों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक विवेक शर्मा ने उपस्थित प्राचार्यों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए विशेष रूप से बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया.**

उन्होंने कहा कि विद्यालयों के माध्यम से इन योजनाओं की जानकारी बालिकाओं तक पहुँचाना आवश्यक है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें. इस अवसर पर विधि सह परिवीक्षा अधिकारी श्री श्याम कुमार शर्मा द्वारा प्राचार्यों को बाल अधिकार, पॉक्सो एक्ट तथा किशोर न्याय अधिनियम 2015 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. वहीं वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती कृतिका व्यास ने बालिका सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर प्रशिक्षण देते हुए विद्यालयों में बालिकाओं के लिए सुरक्षित एवं संवेदनशील वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया.

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री रामबाबू प्रजापति तथा सदस्य श्री चंद्रभान सिंह बघेल, श्रीमती सुनीता दांगी, श्री दीवान सिंह मीना एवं श्रीमती लक्ष्मी शर्मा द्वारा भी प्राचार्यों को बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया और विद्यालयों में बच्चों के हितों की रक्षा के लिए समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता बताई गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से अनुज जैन, संतोष रघुवंशी, महेंद्र धाकड़ एवं राजीव कौल सहित शिक्षा विभाग के प्राचार्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

**आयोजन** | **भजन के बीच गूंजे मंगल गीत, संतों की तपोभूमि में समाज ने मिलकर रचाया दिव्य विवाह**

# संतों की तपोभूमि में सजे दो घरों के सपने, समाज के सहयोग ने लिखी विश्वास की नई ईबारत

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, आमतौर पर संतों के आश्रमों में लोग कथा, भजन और भंडारे के ही आयोजन अभी तक श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम जन देखते आए हैं, लेकिन शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर ग्राम गुफा मासेर की ऊंची पहाड़ी पर मौजूद आश्रम की सिद्ध तपोभूमि में गुरुवार को संतों की करुणा का ऐसा दृश्य सामने आया, जहां भजन संकीर्तन और विवाह के वैदिक वैवाहिक परंपरा की रस्मों के संग मंगल गीतों की पावन ध्वनि के बीच एक निर्धन परिवार की कन्या का विवाह कराकर संतों ने समाज के सहयोग से मानव सेवा का अद्भुत संदेश दिया.**



गौरतलब है कि इस पहाड़ी पर सैकड़ों सालों से राम नाम कीर्तन चल रहा है लेकिन अब वह ग्रामीण और संत नहीं रहे जो यह बता सके की कीर्तन कितनी पुरानी है लेकिन जिनको याद है वह यह बताते हैं कि 40-50 साल से तो वह देखते आ रहे हैं बिना रुके 24 घंटे 12 महीने अखंड संगीतमय श्री सीताराम नाम संकीर्तन निरंतर गूंज रहा है. ग्राम गुफा मासेर की करीब 500 से 700 वर्ष पुरानी सिद्ध संतों की इस पावन तपस्थली में गुरुवार को जब शहनाई और मंगल गीतों की ध्वनि गूंज रही थी और हरे मंडप के नीचे सात फेरे हो रहे थे, तब ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो संतों की साधना से पवित्र यह भूमि स्वयं इस दिव्य मिलन की साक्षी बन रही हो. वैवाहिक रस्मों के संग पावन संकीर्तन की ध्वनि के बीच जब वैदिक मंत्र और मंगल गीत गूंजे तो पूरा आश्रम भक्ति और आनंद की अनोखी आभा से भर उठा. इस विवाह की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि दहेज से लेकर भोजन, पकवान, स्वागत-सत्कार और बारातियों की सेवा तक की सारी व्यवस्था संतों की देखरेख में समाज ने मिलकर संभाली. क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी (देबू), गंगाराम कुशवाह सतपाड़ा, अन्नू यादव, राजू विश्वकर्मा, रिंकू रघुवंशी, जीवन पाल, सहित आश्रम के अन्य सेवक और ग्रामीण पूरे दिन सेवा में जुटे रहे. जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी देबू ने बताया कि 2025 में भी ग्राम देहलाखेड़ी निवासी राकेश बाल्मीकि (वंशकार) की बिटिया का विवाह भी गुरु गादी आश्रम से संत कृपा और समाज के सहयोग धूमधाम से संपन्न हुआ था. विवाह के दौरान बारातियों के स्वागत और सत्कार में किसी प्रकार की कमी न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा गया. वैवाहिक रस्मों के दौरान एक भावुक दृश्य तब देखने को मिला जब आसपास के गांवों के संपन्न परिवारों की महिलाएं बेटी के पांव पखारने की परंपरा निभाने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलकर आश्रम पहुंचीं. उनके लिए यह केवल एक विवाह नहीं बल्कि धर्म, संस्कार और सेवा का अवसर था.

गुफा मासेर की सिद्ध तपोभूमि में संपन्न हुए इस विवाह ने वर और वधू दोनों परिवारों को गहरे भाव से भर दिया. विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद दोनों पक्षों के माता-पिता की आंखों में संतोष और कृतज्ञता के आंसू दिखाई दिए. उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की

### बारात निकालकर दूल्हा पहुंच संतों के चरणों में, लिया आशीर्वाद

ग्राम सतपाड़ा कला से चलकर आई परशुराम कुशवाह के सुपुत्र अरुण कुशवाह की बारात जब डीजे और बैंड बाजों के साथ गुफा मासेर गांव की गलियों से निकलकर ऊंची पहाड़ी पर स्थित आश्रम पहुंची तो उत्सव का दृश्य बन गया. दूल्हे ने सबसे पहले गुरुगादी परंपरा के सिद्ध संतों की बैठक को प्रणाम किया और फिर आश्रम के महंत पूज्य हनुमान दास जी के चरणों में शीश रखकर आशीर्वाद लिया. दूल्हे के साथ-साथ सतपाड़ा कला निवासी शिवनारायण कुशवाह की सुपुत्री राखी कुशवाह ने भी संतों को प्रणाम किया. संतों की आज्ञा और आशीर्वाद के बाद ही वैवाहिक संस्कारों की शुरुआत हुई. जहां लग्न की बेला में संतों की साक्षी में ही दूल्हा अरुण कुशवाह ने दुल्हन राखी कुशवाह के गले में वरमाला पहनाई. वरमाला के दौरान संत दोनों के वैवाहिक मंगल जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद दे रहे थे.

## पुलिस प्रशासन ने जारी की जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन

नवभारत न्यूज

**विदिशा, आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पुलिस प्रशासन ने जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया. पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित इस शिविर में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी स्वयं मौजूद रहे और फरियादियों की समस्याएं सुनीं.**

गुरुवार को आयोजित इस शिविर में फरवरी 2026 ग्रेडिंग माह और 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विशेष रूप से समीक्षा की गई. जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 75 शिकायतकर्ताओं की समस्याएं अधिकारियों द्वारा विस्तार से सुनी गई. इनमें से 65 शिकायतों का मौके पर ही संतोषजनक निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने फरियादियों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा संवेदनशील है और सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से आने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता है. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह और एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे सहित जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों ने भी शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया. गंभीर